**प्रेस नोट**
**दिनांक 10.05.2025**

## थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलो 300 ग्राम नाजायज गांजा बरामद–

### कार्यवाहीः–
पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में खरगूपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्कर फैज उर्फ आरजू पुत्र फजलू रहमान नि0 ग्राम मौलागंज चौहट्टा थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा को तेन्दुआ चौखाड़िया के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 300 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया।

### घटना का संक्षिप्त विवरण–
आज दिनांक 10.05.2025 को थाना खरगूपुर के उ0नि0 ओमप्रकाश यादव मय हमराह के साथ शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि तेन्दुआ चौखाड़िया के पास एक व्यक्ति के संदिग्ध दिखने पर रोक टोक कर चेक किया गया तो उसके कब्जे से 01 किलो 300 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त फैज उर्फ आरजू के विरूद्ध थाना खरगूपुर में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्त–
01. फैज उर्फ आरजू पुत्र फजलू रहमान नि0 ग्राम मौलागंज चौहट्टा थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

### पंजीकृत अभियोग–
01. मु0अ0सं0–83/2025, धारा 8/20 एनडीपीएस ऐक्ट थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

### बरामदगी–
01. 01 किलो 300 ग्राम नाजायज गांजा।

### गिरफ्तार कर्ता टीम–
01. उ0नि0 ओमप्रकाश यादव।
02. का0 चेतन पाण्डेय।
03. का0 पंकज प्रेमी।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 10.05.2025**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना को0 देहात में की गयी जनसुनवाई, जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देशः–**

गोण्डा। आज दिनांक 10.05.2025 को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा को0 देहात में जनसुनवाई की गयी। महोदय द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत–प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना को0 देहात में जनसुनवाई के दौरान 17 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत द्वारा थाना को0 नगर में, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी द्वारा थाना को0 कर्नलगंज में व समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया।

**इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।**

**मीडिया सेल, गोण्डा**